PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पावंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रुपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 21 | अंक 23 | जयपुर : 8 जुलाई 2023 से 22 जुलाई 2023 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

## मतदाताओं को जागरूक करने में जुटा प्रशासन

## 62 केन्द्रों पर किया जा रहा है ईवीएम एवं वीवीपेट का प्रदर्शन



परिष्कार पत्रिका जयपुर। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा जिले के कुल 62 केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला कलक्ट्रेट के एकल खिड़की केन्द्र सहित जिले के उपखण्ड एवं तहसील स्तर तक ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित स्वयं मतदाता जागरूकता की इस मुहिम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं एवं केन्द्रों पर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता चौधरी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जिले में जगह - जगह आयोजित किये जा रहे प्रदर्शन केन्द्रों पर पहुंच कर ईवीएम एवं वीवीपैट कार्यप्रणाली तथा मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी ले सकता है। इसके साथ ही अगर किसी व्यक्ति को अपने मतदान पहचान पत्र या मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकता है।

# मुख्यमंत्री ने किया जयपुर शहर के विकास कार्यों का अवलोकन

## समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों को लेकर गंभीर है। उन्होंने जयपुर शहर में विभिन्न निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया। गहलोत ने सवाई मानसिंह चिकित्सालय में आईपीडी टॉवर, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफगवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेस तथा गांधी दर्शन म्यूजियम पहुंचकर अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के निर्देश दिए।

### आईपीडी टॉवर का निरीक्षण कर श्रमिकों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने सवाई मानसिंह चिकित्सालय में निर्माणाधीन 24 मंजिला आईपीडी टॉवर के कार्यों का अवलोकन किया। गहलोत ने कार्य की प्रगति पर खुशी जताते हुए कहा कि निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने और राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं में यह टॉवर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका कार्य अक्टूबर-नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। राजस्थान स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर वन बन रहा है। आईपीडी टॉवर बनना ऐतिहासिक कार्य है। स्वास्थ्य का अधिकार राइट टू हैल्थ कानून पारित करने वाला राजस्थान एकमात्र राज्य है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा सहित चिकित्सा क्षेत्र में राजस्थान देश में अग्रणी राज्य बन गया है।

### निर्माणाधीन महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफगवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज का अवलोकन

मुख्यमंत्री ने जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित निर्माणाधीन महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक का अवलोकन कर अधिकारियों से विद्यार्थियों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही, निर्माणाधीन राजकीय जयपुर महाविद्यालय एवं इसके अंतर्गत निर्मित किए जा रहे 200-200 क्षमता के बालक एवं बालिका छात्रावास, राजा रामदेव पोद्दार विद्यालय के लिए निर्मित किए जा रहे छात्रावास, डॉ राधाकृष्णन लाइब्रेरी एंड लर्निंग सेंटर एवं पोद्दार स्कूल के जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रख रही है। सभी कार्य तेज गति से चल रहे हैं। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार केवल घोषणाएं नहीं कर रही बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से लागू भी कर रही है। इसके लिए हमारे द्वारा बेहतर वित्तीय प्रबंधन किया जा रहा है।

### विश्व के लिए गांधी दर्शन महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने सेंट्रल पार्क में निर्माणाधीन गांधी दर्शन म्यूजियम का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहां निर्मित किए जा रहे बेसमेंट, लॉअर ग्राउण्ड,



अपर ग्राउण्ड, प्रार्थना कक्ष, लाइब्रेरी, कॉन्फ्रेंस रूम, कैफेटेरिया, एडमिन ब्लॉक्स सेंट्रल कोर्ट एवं घाट आदि का अवलोकन कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश दिए।

**करीब 82 करोड़ रुपए की लागत के इस प्रोजेक्ट का कार्य 15अगस्त, 2023 तक पूर्ण होना अनुमानित है।**

गहलोत ने कहा कि सादगी के साथ यह अनूठा केंद्र बन रहा है। यहां देश-विदेश से लोग आकर महात्मा गांधी के संस्कारों से रूबरू होंगे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पूरी दुनिया के लिए विशेष महत्व है। यह म्यूजियम पर्यटन की दृष्टि से भी आकर्षण का बढ़ा केंद्र बनेगा।

जयपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने व्यापारियों, आमजन, निर्माण कार्यों में लगे इंजीनियर्स व श्रमिकों से संवाद भी किया। इस दौरान मुख्य सचिव उषा शर्मा एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, जयपुर विकास आयुक्त डॉ जोगा राम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी साथ रहे।

## मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

## अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए बनेंगे 5 नवीन छात्रावास

### भवन निर्माण के लिए 14 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों हेतु 5 नवीन छात्रावासों के भवन निर्माण के लिए 14 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अलवर के मालाखेड़ा, श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ पाली के रायपुर व उदयपुर के कानोज में सावित्री बाई फूले अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास तथा चूरू के जैतासर में डॉ भीमराव अम्बेडकर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के लिए नवीन भवनों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक छात्रावास के लिए 2.80 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इन छात्रावासों में 50-50 विद्यार्थियों की आवास क्षमता होगी। गहलोत की इस स्वीकृति से अनुसूचित जाति के विद्यार्थी सुगमता से शिक्षा प्राप्त कर अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

## 10महाविद्यालय स्नातकोत्तर में क्रमोन्नत नवीन विषयों के संचालन के लिए 26 पद स्वीकृत

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 10 राजकीय स्नातक महाविद्यालयों को स्नातकोत्तर में क्रमोन्नत कर नवीन विषय खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही, इन नवीन विषयों के संचालन के लिए 26 नवीन पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार, राजकीय महाविद्यालय देशनोक बीकानेर, राजकीय महाविद्यालय खाजूवाला बीकानेर, वीर शिरोमणि राव देवराज राठौड़ राजकीय महाविद्यालय शेरगढ़ जोधपुर, राजकीय महाविद्यालय जमवारामगढ़ जयपुर, राजकीय महाविद्यालय सैंपऊ धौलपुर, राजकीय महाविद्यालय मांगरोल बारां, राजकीय महाविद्यालय उच्चैन भरतपुर, राजकीय महाविद्यालय मंगलाना नागौर, राजकीय महाविद्यालय मारवा? जंक्शन पाली तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपलू टोंक में स्नातकोत्तर स्तर के नवीन विषय खोले जाएंगे। इन विषयों के संचालन के लिए सहायक आचार्य के 20 तथा प्रयोगशाला सहायक व प्रयोगशाला वाहक के 3.3 पदों सहित कुल 26 पदों का सृजन होगा। मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र का विकास होगा। विद्यार्थियों को अपने पसंदीदा विषय का अध्ययन नजदीक ही करने के अवसर मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बजट 2023-24 के वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान इसके संबंध में घोषणा की थी।

## मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण निर्णय

### अनुदानित शिक्षण संस्थाओं को मिलेगी ब्रेल पुस्तकें एवं खेल सामग्री

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिव्यांगों के लिए संचालित अनुदानित शिक्षण संस्थाओं को ब्रेल पुस्तकें एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इसमें 2007 करोड़ रुपए की लागत आएगी। गहलोत के इस संवेदनशील निर्णय से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों व उनके शिक्षकों के लिए ब्रेल पुस्तकों के 700 सेट और सभी श्रेणियों के 7,700 विद्यार्थियों के लिए खेल सामग्री के 1,925 किट उपलब्ध हो सकेंगे। ब्रेल पुस्तकें मिलने से शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थी सुगमता से अध्ययन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

## 66 आईटीआई के स्मार्ट क्लास रूम में पढ़ेगें विद्यार्थी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्य सरकार प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में आधुनिक शिक्षण सुविधाएं स्थापित कर रही है। इसी क्रम में अब प्रदेश के 66 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में भी एक-एक स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना की जाएगी। प्रति स्मार्ट क्लास 2.62 लाख रुपए की लागत आएगी। इसमें कुल 1 करोड़ 72 लाख 92 हजार रुपए व्यय होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से शिक्षण तकनीक और मजबूत होगी। विद्यार्थियों को भी डिजिटल पढ़ाई के अवसर मिलेंगे। वे किताबों के साथ-साथ इंटरनेट पर सिलेबस से संबंधित अन्य सामग्री का भी ऑडियो-वीडियो के जरिए अध्ययन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 97 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं 8 कार्यालयों में सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए 12.88 करोड़ की वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

## राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक

### मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को आपसी समन्वय से उत्तरदायित्वों के निर्वहन के दिये निर्देश

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपने दायित्वों का क्रियान्वयन पूरी निष्ठा से करें। उन्होंने समारोह में आमजन की उत्साह से पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समारोह के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिये। शर्मा शासन सचिवालय में स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहीं थीं। मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह परम्परागत रूप से राष्ट्रीय उत्सव के



रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समारोह के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग प्राथमिकता से अपने दायित्वों को पूरा करें। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय प्रतिनिधियों से समारोह के बेहतर आयोजन के लिए सुझाव भी लिए। बैठक में संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान आवासन मंडल के हुए बम्पर प्रमोशन

### विभिन्न संवर्गों के 71 अधिकारी - कार्मिक हुए पदोन्नत

परिष्कार पत्रिका जयपुर। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अध्यक्षता में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई। इसमें विभिन्न संवर्गों के 71 पदों पर पदोन्नति की सिफारिश की गई। आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि अध्यक्ष के अनुमोदन के बाद सभी पदोन्नत अधिकारियों को पदोन्नति के आदेश जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह पहला विभाग है जहां इस वर्ष की सभी डीपीसी हो गई है और कोई भी पदोन्नति लंबित या शेष नहीं है।

अरोड़ा ने बताया कि राजस्थान आवासन मण्डल में विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश पर मुख्य अभियन्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, उपआवासन आयुक्त और आवासीय अभियंता, वरिष्ठ लेखाधिकारी, लेखाधिकारी, सहायक, लेखाधिकारी ग्रेड प्रथम, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड द्वितीय, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक, कार्मिक प्रबंधक, संपदा प्रबंधक, सहायक सचिव, निजी सचिव, अतिरिक्त निजी सचिव, निजी सहायक, सहायक नगर नियोजक और वरिष्ठ प्रारूपकार के पदों पर पदोन्नति की अभिशंषा की गई है। अरोड़ा ने बताया कि मुख्य अभियन्ता के पद पर 4, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता के पद पर 6, उप आवासन आयुक्त के पद पर 5, आवासीय अभियन्ता के 21 व अन्य पदों पर डीपीसी आयोजित कर पदोन्नति की सिफारिश की गई है।

## समर्पण संस्था ने किया शिक्षा दान महोत्सव का आयोजन

# 148 जरूरतमंद विद्यार्थियों को भेंट किए फीस के चैक एवं शिक्षण सामग्री

### दुनिया में परिवर्तन के लिए शिक्षा सबसे बड़ा साधन है : प्रो श्याम लाल



परिष्कार पत्रिका जयपुर। दुनिया में परिवर्तन के लिए शिक्षा सबसे बड़ा साधन है। शिक्षा ही इन्सान को नई सोच और दिशा दे सकती है। इसलिए शिक्षा का दान सर्वोत्तम है। उक्त विचार समर्पण संस्था द्वारा प्रताप नगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षा दान महोत्सव में मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर श्याम लाल ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज देश में समाजवादी प्रवृति को बढ़ावा देने की जरूरत है जिसे समर्पण संस्था द्वारा साकार किया जा रहा है। शिक्षित भारत कि परिकल्पना को साकार करने में संस्था का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे पूर्व शिक्षा दान महोत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई जिसे मुख्य अतिथि प्रोफेसर श्याम लाल ने अन्य विशिष्ट अतिथियों व संस्था पदाधिकारियों के साथ किया। इसके बाद समर्पण प्रार्थना का उच्चारण कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल, अंजलि माल्या व सुवज्ञा माल्या ने करवाया और एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म द्वारा संस्था गतिविधियों की जानकारी दी गई।



महोत्सव में संस्था द्वारा चयनित कुल 148 जरूरतमंद निर्धन विद्यार्थियों को फीस के चैक, किताबें, नोटबुक्स यूनिफॉर्म, स्टेशनरी आदि भेंट की गई तथा सभी विद्यार्थियों को समर्पण आदर्श विद्यार्थी का कार्ड दिया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने वाले संस्था द्वारा नियुक्त शैक्षिक राजदूतों एज्युकेशनल एम्बेसेडर को भी सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलत राम माल्या ने अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए संस्था गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ माल्या ने समर्पण आदर्श विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि दीवारों पर टक्कर देते रहिये, दीवारों में दरवाजे बन जायेंगे। संघर्ष ही इन्सान को श्रेष्ठता की ओर ले जाता है। संस्था के प्रधान मुख्य सलाहकार व पूर्व जिला न्यायाधीश उदय चन्द बारूपाल ने एज्युकेशनल एम्बेसेडर अभियान की परिकल्पना और समर्पण आदर्श विद्यार्थियों की चयन प्रक्रिया के बारे बताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेन्द्र सिंह रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा इन्सान का सम्पूर्ण विकास करती है। शिक्षा ही इन्सान को देश व समाज के प्रति संवेदनशील बनाती है। इस अवसर पर लोक कलाकार सीताराम बैरवा द्वारा लोक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गयी। विशिष्ट अतिथि व गायिका अपर्णा वाजपेयी ने भी एक गीत प्रस्तुत किया और नन्ही 8 वर्षीया बालिका राभ्या द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला न्यायाधीश डॉ पदम कुमार जैन ने कहा कि चयनित समर्पण आदर्श विद्यार्थी संस्था द्वारा दिये गये शिक्षा सहयोग का सम्मान करें और अपने जीवन को निखारने के लिये निरन्तर प्रयासरत रहे। महोत्सव में अन्य विशिष्ट अतिथि जिला न्यायाधीश व राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार शैलेन्द्र व्यास, रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमेन बी एस रावत, सेवानिवृत्त आईएएस श्रीराम चौरड़िया, दूरसंचार विभाग के निदेशक फतेह सिंह, सरस्वती विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्या स्नेहलता भारद्वाज, परिष्कार पत्रिका की प्रधान सम्पादक हेमलता किरार व सी ए विजय गोयल भी उपस्थित रहे। महोत्सव में संस्था सदस्यों के अलावा अनेक गणमान्य नागरिकों नें भाग लिया। मंच संचालन दूरदर्शन समाचार वाचक व वॉयस ऑवर आर्टिस्ट गौरव शर्मा ने किया।

## स्कूल शिक्षा की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक

परिष्कार पत्रिका जयपुर। शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने कहा है कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के टीचर्स अपने ज्ञान, अनुभव और क्षमता का उपयोग इस प्रकार करेए जो स्कूलों से निकलने विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में अपनी बेस्ट परफोर्मेंस देने के योग्य बनाए। चाहे विद्यालयों में पढ़ाने की बात हो या फिर एडमिनिस्ट्रेटिव रोल, शिक्षक अपनी विद्या और शक्ति का सांगोपांग उपयोग विद्यार्थियों और स्कूलों के सर्वांगीण विकास में करने का संकल्प लें। शिक्षा मंत्री डॉ कल्ला जयपुर में दुर्गापुरा स्थित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफएग्रीकल्चर मैनजमेंट सियाम में स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश, खबर भेजें या मेल करें**

संपादक,
परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796
9351311820
parishkarpatrika@gmail.com

**सेंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल**
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।
सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान



नोयल डिसिल्वा

**A.S. MEMORIAL Sec. School**
58, Shanti Nagar, N.B.C. Road Jaipur 6
Mob. 9549036888
Day Boarding
English Medium



Ankit Singh
Director

Your Childs Journey to a Great Future begins here :
Experience Teaching Staff, Spoken English Classes, Personality Development, Memory Tips, Study By Porjectors, Sparate Furniture for every Student, On every Saturday there are Activities, Classes of Yoga, Games of Spelling, Meaning and Interaction with all the Student in English Language, Hygienic and Friendly Environment for Students and Personal Attention is given, Big and Airy Classrooms, Conveyance Facility for every Area.

**LEARNING STEP SCHOOL**
Mr. Abhishek Gupta
Director
SEESION 2023-2024
On Ajmer Highway Road
Book Your Seat Now For CBSE School



PG to XII (CBSE AFFILIATED) Special Features :
Big Ground, Agriculture Garden, Staff Quarters, Students Hostel, Assembly Hall, Projector Room, Labs (Science/Maths/Computer)

## सम्पादकीय

जीवन जीना भी कला है। किसी के पास सबकुछ होने के बाद भी कमी महसूस करते हैं तो कुछ नहीं होने पर भी ईश्वर का धन्यवाद करते हैं। अधिकतर लोग केवल अपने जीवन को जीने का प्रयास करतें है और सारी उम्र अपने जीवन को बेहतर सुविधानुसार व खुशहालपुर्वक जीने के बारे सोचते है, विचार करते है। साथ ही यह प्रयास करते है, इसके साथ उनके बच्चे कैसे अच्छी व बेहतर सुविधाए के साथ जीवन गुजारेगें। इसका प्रयास करते हैं। इसके आगे ना वह कुछ सोचते है, ना विचार करते है। इस पर प्रयास करने का तो उन्हे कोई कारण भी नजर नही आता, लेकिन कुछ ऐसे महान विद्वान, विचारक, चिंतक, समाज सुधारक और समाज के प्रति समर्पित लोग भी आए है जिन्होंने अपना पूरा जीवन मनुष्य और अन्य जीव का जीवन कैसे बेहतर बने इसके प्रयास किए है। किसने समाज में भेदभाव मिटाकर सम्मानता के अधिकार दिलाने भूमिका निभाई, तो किसी ने शिक्षा का महत्व समझाया, किसी ने मानव जीवन के लिए अनेक अविष्कार कर उन्हे साधन दिलवाए, किसी ने सामाजिक कार्य करने का जज्बा जगाया, किसी ने अंधविश्वास और पाखंडवाद का असली चेहरा दिखाया, तो किसी ने मानवता का पाठ पढाया। इस श्रृष्टि के आरंभ से लेकर आज तक कुछ लोग केवल देश व समाज के लिए अपने जीवन को जिया है। ऐसे लोग ही इतिहास मे अपना नाम दर्ज करते है, इसलिए कहा है कि जीवन केवल दिन काटने के लिए नहीं है कुछ महान कार्य करने के लिए है। ये जीवन एक ही बार मिला है दुबारा नहीं मिलेगा। स्वर्ग नरक का सारा खेल इसी जीवन में। व्यक्ति की सोच का महत्व बहुत हैं। यदि किसी व्यक्ति की सोच अच्छी हो तो खराब से खराब व्यक्ति से कुछ ना कुछ सीख सकते हैं और यदि हमारी सोच ही गलत हो तो बाबा साहब के विचार, त्याग, कार्य, समर्पण में भी खोट नजर आ जाता है। जय हिन्द। जय भारत। जय हिन्द। जय भारत ।।

## अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए संचालित होगी

### अनुसूचित जाति भागीदारी जन सहभागिता योजना

**मुख्यमंत्री ने दी प्रारूप को स्वीकृति**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्य सरकार प्रदेश के अनुसूचित जाति समुदाय के उन्नयन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु अनुसूचित जाति भागीदारी जन सहभागिता योजना के प्रारुप को मंजूरी प्रदान की है। उक्त योजना के अन्तर्गत 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति की जनसंख्या वाले गांवों एवं बस्तियों में आधारभूत संरचना संबंधी विकास एवं विस्तार कार्य किए जा सकेंगे। जिससे इन क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सकेगा। अनुसूचित जाति भागीदारी जन सहभागिता योजना से अनुसूचित जाति क्षेत्रों में आंगनबाडी केन्द्रों, स्वच्छ पेयजल सुविधाओं, सड़कों, विद्युतीकरण, नालियों, सामुदायिक शौचालयों, पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास के साथ-साथ विद्यालयों, महाविद्यालयों, छात्रावासों, चिकित्सा केन्द्रों, डॉ अम्बेडकर सामुदायिक केन्द्रों का निर्माण एवं नवीनीकरण भी हो सकेगा। इससे अनुसूचित जाति के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास को गति मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि गहलोत द्वारा वर्ष 2023 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

## नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान के लिए 2.5 करोड़ की राशि का बजट देने की घोषणा

**पूनम अंकुर छाबड़ा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार प्रकट किया।**



परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रदेश में नशा मुक्ति और शराबबंदी के लिए सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले पूर्व विधायक गुरुशरण छाबड़ा के नाम पर प्रदेश में चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान गुरुशरण छाबड़ा जन जागरूकता अभियान में शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से स्वयं मिलकर बजट देने की मांग 3 अप्रैल 2023 एवं 17 अप्रैल 2023 को लिखित ज्ञापन देकर की थी, इस अभियान के लिए हज कमेटी के अध्यक्ष जनाब आमीन कागजी विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर बजट देने की मांग की गई थी। पूर्व विधायक गोपीचंद गुर्जर ने मुख्यमंत्री आवास में लिखित पत्र दे कर इस अभियान के लिए बजट की मांग की थी। राज्य के मुख्यमंत्री सभी की मांगों को मानते हुए गुरुशरण छाबड़ा जन जागरूकता अभियान में 2.5 करोड़ की राशि का बजट देने की घोषणा की है। जिससे प्रदेश में एक व्यापक स्तर पर नशा मुक्ति के लिए जनजागरण अभियान का आगाज होगा। इस घोषणा पर शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा ने स्वागत किया और जस्टिस फॉर छाबड़ा संगठन व शराबबंदी के लिए कार्यरत संगठनों एवम सभी कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। उन्होंने प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत की इस नेक पहल का स्वागत किया और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस नेक घोषणा का हम स्वागत करते हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधायक जनाब आमीन कागजी व पूर्व विधायक गोपीचंद गुर्जर का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। सम्पूर्ण शराबबंदी आंदोलन जस्टिस फॉर छाबड़ा संगठन के प्रदेश संगठन महामंत्री मनीष कपूरिया, बाबू भाई फ्रिजवाला, राकेश दहिया, प्रेमराज सैनी डेरा, मोहम्मद आसिफदाउदी, सुरेंद्र सिंह चांदेसरा, विशाल भारद्वाज, विकास दौलतपुरा, सहित सम्पूर्ण टीम ने राज्य सरकार की इस घोषणा का स्वागत किया और कहा कि हम सभी सरकार के इस नशामुक्ति जन जागरण अभियान में पूनम अंकुर छाबड़ा के नेतृत्व में सकारात्मक सहयोग देंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में आम जन को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो में राजस्थान फाउंडेशन कर रहा है ग्लोबल प्रवासी राजस्थानियों का प्रतिनिधित्व



परिष्कार पत्रिका जयपुर। केन्या की राजधानी नैरोबी में चल रहे 3 दिवसीय इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो में राजस्थान फाउंडेशन ग्लोबल प्रवासी राजस्थानियों का प्रतिनिधित्व कर रहा है। राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव केन्या की राजधानी नैरोबी में आयोजित हो रहे इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 में प्रवासी राजस्थानियों के साथ भाग लिया। राजस्थान सरकार की ओर से एक्सपो में शामिल हुए प्रतिनिधिमंडल में धीरज श्रीवास्तव के साथ आरईपीसी एवं राजसीको चैयरमेन राजीव अरोडा राजस्थान माइनॉरिटी कमीशन अध्यक्ष रफीक खानय राजसीको एमडी डॉ मनीषा अरोड़ा, आरईपीसी सीईओ पीआर शर्मा फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवालय राजस्थान एसोसिएशन ऑफकेन्या के अध्यक्ष डॉ सोनवीर सिंह सहित विभिन्न प्रवासी एसोसिएशन्स के प्रतिनिधि एवं अनेक देशों के उद्यमी भी शामिल हुए। आरईपीसी और फोर्टी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 का उद्देश्य राज्य के उद्योगों को निर्यात हेतु पूर्वी अफ्रीकी देशों में बाजार उपलब्ध कराना है। 7 जुलाई तक आयोजित हो रहे इस तीन दिवसीय एक्सपो में प्रदेश के विभिन्न उद्योग श्रेणी के 175 उद्यमियों ने भाग लिया है। एक्सपो का उद्घाटन केन्या के प्राइम कैबिनेट सेक्रेटरी ने किया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्सपो की सफलता पर सभी आयोजकों, एग्जिबिटर्स और प्रतिभागियों को बधाई दी है। साथ ही इवेंट में राजस्थान फाउंडेशन की भागीदारी को अहम एवं निर्णायक बताया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि यह अपने आप में राजस्थान एवं प्रदेश के निवासियों, राजस्थानी प्रवासी ट्रैडर्स और निवेशकों के लिए गर्व की बात है। राजस्थान फाउंडेशन को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत ने बताया कि राजस्थान फाउंडेशन की सक्रियता से केन्या में रह रहे राजस्थानी प्रवासियों ने बिजनेस के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताएं हासिल करने के साथ-साथ राजस्थानी संस्कृति, भाषा, खान-पान और विरासत को हमेशा अक्षुण्य बनाए रखा है। लगभग 22 साल पहले राजस्थान फाउंडेशन का गठन जिस मकसद और सोच के साथ किया गया था, उसी का परिणाम है कि राजस्थान फाउंडेशन निरंतर विस्तार कर रहा है और सम्पूर्ण विश्व में राजस्थानी प्रवासियों को एकजुट करने में सफल रहा है। इस मौके पर राजस्थान फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व कर रहे कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि केन्या सरकार एवं आरईपीसी और फोर्टी के संयुक्त प्रयास भारत और पूर्वी अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक संबंधों को प्रोत्साहित करने में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। एक्सपो का ये मंच केन्या एवं अन्य पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्रों के दूरदर्शी उद्यमियों और प्रवासी राजस्थानियों को व्यवसाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। इससे पहले धीरज श्रीवास्तव ने कैबिनेट सैकेट्ररी केन्या सहित अन्य मेजबान सदस्यों को ओडीओपी वन डिस्ट्रिक वन प्रॉडक्ट गिफ्ट्स देकर राजस्थानी संस्कृति से रूबरू कराया। राजस्थान फाउंडेशन कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विजन के अनुसार, राजस्थान फाउंडेशन इस इवेंट में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखकर केन्या एवं पूर्वी अफ्रीका में रह रहे राजस्थानी प्रवासियों को अपने प्रदेश से जुड़ाव को मजबूती प्रदान करने के साथ.साथ उन्हें भावनात्मक रूप से जोड़ने का काम बखूबी तरीके से कर रहा है। राजस्थान फाउंडेशन प्रदेश और पूर्वी अफ्रीकी देशों के बीच संस्कृतियों के आदान-प्रदान के साथ आर्थिक सहयोग के माध्यम से आपसी रिश्तों को दृढता प्रदान करने में एक सेतु का काम कर रहा है। निश्चित तौर पर राजस्थान फाउंडेशन अपने यहां की कला, संस्कृति एवं विरासत को प्रवासियों तक पहुंचाने में सफल साबित होगा।

## परिवार को बचाने, वृद्ध सम्मान और बच्चों को भारतीय संस्कृति के उदार मूल्यों से रूबरू कराने संकल्पित होना होगा : यश




परिष्कार पत्रिका जयपुर। सेवा संस्कार सहयोग सम्पर्क और समर्पण के लिए वनी भारत विकास परिषद मानसरोवर जयपुर ने अपने संस्थापक सूरज मल का जन्मदिन निराश्रित जन सेवा यज्ञ और संस्कारवान पीढ़ी निर्माण की त्रिवेणी ओमाश्रय सेवा धाम में मनाया। इस अवसर पर ओमाश्रय संचालक यशपाल यश ने परिषद पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि परिवार वचाने व सुदृढ़ीकरण हेतु वृद्ध सम्मान तथा बच्चों को भारतीय संस्कृति के उदार मूल्यों से रूबरू कराने संकल्पित होना होगा। यश ने भारतीय परिवार व्यवस्था की रीढ़ विवाह पर लिव इन रिलेशनशिप तथा समलैंगिकता के हमले से आगाह करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को हमारी उदार संस्कृति के वेद उपनिषद दर्शन स्वाध्याय की ओर प्रेरित करें। यश ने युवाओं में विवाह संस्कार के प्रति अरुचि से बढ़ती उम्र एवं एकल वच्चे से बच्चों और परिवारों में अवसाद टूटन पारिवारिक सामाजिक अन्ततः राष्ट्रीय अस्थिरता पर चिंता जताई। कार्यक्रम संयोजक आरआर गुप्ता ने बताया कि इस उपलक्ष्य में परिषद ने प्रभुजनों को भोजन प्रसादी एवं यज्ञ का आयोजन कराया। इस अवसर पर रामगोपाल सिंघल अध्यक्ष अग्रवाल समाज मानसरोवर, सचिव वेद प्रकाश गर्ग अधि अभियंता, श्रीचंद्र चोटिया, अमित, चोटिया, उमेश गोयल, प्रेम चंद्र गुप्ता, शिवेश गुप्ता, दिनेश मित्तल, देवी सहाय गुप्ता, रामनिवास जैन, अशोक तमोली, रवि अग्रवाल तथा हेयांश अग्रवाल आदि ने भाग लिया।

## हर साल बढ़ते हैं कैंसर के 14 लाख मामले और 10 लाख की हो जाती है मौत : डॉ ढिल्लों

### कैंसर की प्रारम्भिक अवस्था में पहचान के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ



परिष्कार पत्रिका लाडनूं। वर्ल्ड कैंसर केयर चेरिटेबल सोसायटी के अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित मोबाईल वाहनों से जैन विश्व भारती के जीवन विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय विशेष चिकित्सा परीक्षण शिविर में आम लोगों के स्वास्थ्य की विभिन्न प्रकार की जांचें निःशुल्क की गई। यह आयोजन यहां डा बीएस राठौड आर्गेनाईजेशन एवं जैन विश्व भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय शिविर के उद्घाटन के अवसर पर एक स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन भी जैन विश्व भारती स्थित सभागार में मुनिश्री रणजीत कुमार के साहिध्य में किया गया। इस अवसर पर वर्ल्ड कैंसर केयर सोसायटी के डा धर्मेन्द्र ढिल्लों ने कहा कि हमारी वर्ल्ड कैंसर सोसायटी पूरे देश में और दुनिया भर में कैंसर की रोकथाम के लिए कार्य कर रही है। हर साल कैंसर के 14 लाख मामले बढ रहे हैं। इनमें से 10 लाख की मौत हो जाती है। कैंसर का पता तब चलता है, जब व्यक्ति लास्ट स्टेज में पहुंच जाता है, तब व्यक्ति का बचना नामुमकिन हो जाता है। इसके लिए स्वस्थ लोगों को ही समझना होगा और बचने के लिए हर साल टेस्टिंग करवानी चाहिए। लक्षण ध्यान में आते ही उनको दूर करने का इलाज करने से कैंसर हो ही नहीं पाता है। इसलिए सभी को चाहिए कि वे जांच करवाएं। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड कैंसर केयर सोसायटी की यहां 4 बसें आई हैं, जिनमें करीब 8 करोड़ रूपयों की अलग-अलग जांचों की मशीनरी है। इनसे,मुंह, गला, रक्त कैंसर, हड्डियों आदि की जांचें होती है। ये सभी जांचें उन लोगों को करवानी चाहिए, जो तन्दुरूस्त हों।

**रोग पनपने से पहले पहचान और रोकथाम जरूरी**

जैन विश्वभारती संस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि कैंसर वैश्विक स्तर पर मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण बना हुआ है। भारत में कैंसर के मामले निरन्तर बढते जा रहे हैं। समय पर उपचार के अभाव में यहां कैंसर के बाद जीवित रहने वालों की संख्या भी बहुत कम है। यह चिंताजनक है। इसके लिए रोग के पनपने से पहले ही उनकी पहचान और उसकी रोकथाम जरूरी है। इस अवसर पर मुनिश्री ने अपने आशीर्वचन में डा बीएस राठौड़ की स्मृति में परोपकार का कार्य किया जाना श्रेष्ठ है। डा ज्योत्सना द्वारा लाडनूं के प्रत्येक व्यक्ति के स्वस्थ रहने की भावना को साकार करने का निरन्तर प्रयास परमार्थ का अच्छा कार्य है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक व्यक्ति को शरीर से स्वस्थ बनाते हैं और धर्म व्यक्ति के जीवन को स्वस्थ बनाता है। उन्होंने बताया कि धर्म से मन प्रसन्न होता है और प्रसन्न मन से शरीर भी स्वस्थ रहता है। प्रारम्भ में दूरस्थ शिक्षा एवं ऑनलाईन अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए डा बीएस राठौड़ के जीवन को स्मरण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में डा ज्योत्सना राठौड़ ने आभार ज्ञापित करते हुए तीन दिवसीय शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक बीमारी पर नियंत्रण के लिए व्यक्ति को मानसिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता बताई।

इस अवसर पर अतिथियों के रूप में समागत डा धर्मेन्द्र ढिल्लों, पुरूषोत्तम राठौड़ डा विजयसिंह ठाकुर, डा बहादुर सिंह टंडन, डा विजय सिंह घोजावत डा देवेन्द्र जैन आदि का स्वागत-सम्मान दुपट्टा ओढा कर एवं साहित्य भेंट करके कुलपति प्रो बच्छराज दूगड़ ने किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य रामनिवास पटेल, विजयश्री शर्मा, रमेश सिंह राठौड सुशील पीपलवा, सुशील शर्मा, डा रविन्द्र सिंह राठौड़ शांतिलाल बैद, राजेन्द्र खटेड़ राधाकृष्ण चैहान, गुलाब चंद चैहान, ललित वर्मा, प्रवीण जोशी, कैलाश घोडेला रघुवीर सिंह राठौड़ सैयद अली अकबर रिजवी, ताजू खां मोयल, अंजना शर्मा, लूणकरण शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीतेश माथुर ने किया।

**धूमधाम से मनाया गुरूपूर्णिमा पर्व**

## कृपालु धाम में धूम-धाम से मनाया गुरूपर्णिमा महोत्सव




**29 जून से 4 जुलाई तक साधना शिविर का हुआ आयोजन**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। शास्त्रों में गुरू को भगवान से भी बड़ा दर्जा दिया गया है क्योंकि गुरू ही हमें भगवान तक पहुँचने का मार्ग बताते है। गुरूपुर्णिमा गुरू के प्रति अपने समर्पण भाव को बढ़ाना सिखाता है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए देश-विदेश से हजारों संत्संगी कृपालु धाम पहुँचे। जेकेपी द्वारा 1 सप्ताह के साधना शिविर का आयोजन 29 जून से 4 जुलाई को किया गया। संपूर्ण भारत वर्ष में गुरूपुर्णिमा पर्व धूम-धाम से मनाया जाता है परंतु कृपालु धाम, मनगढ़ में इसका विशेष महत्व है। इस बार तो यह अतिविशेष था क्योंकि भारत सरकार द्वारा मनगढ़ का नाम कृपालु धाम कर दिया गया। कृपालु धाम, मनगढ़ प्रतापगढ़, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश के पास स्थित है। साधना की शरुआत भक्ति परिषत की अध्यक्षा डॉ विशाखा त्रिपाठीए डॉ श्यामा त्रिपाठी, डॉ कृष्णा त्रिपाठी ने जुगद्धरू कृपालु महाराज की आरती के साथ किया। संपूर्ण धाम राधे राधे के नाम से गूंज उठा। इस अवसर पर विभिन्न कायक्रमो जैसे लीला, मंचन, मंदिर परिक्रमा, ब्लड डोनेशन कैंप आदि का आयोजन किया गया।

## गोविंदपुरा में सत कैवल सत्संग आश्रम में हर्षोल्लास से मनाया गुरूपूर्णिमा पर्व



**।।आध् सत स्वराज करुणेश कैवल त्वं नमामि।।**



परिष्कार पत्रिका जयपुर। ज्ञान संप्रदाय कायम पंथ सत्संग समिति के तत्वाधान में 03 जुलाई 2023, वार सोमवार को सत कैवल सत्संग आश्रम शिक्षा सागर कॉलोनी, गोविंदपुरा सांगानेर जयपुर मे गुरु पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर गुरु नानकदास जी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जहां पर आशीषदास महाराज ने अपनी मधुर वाणी द्वारा सत्संग कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए एवं लोगों के मन में उठी शंकाओं का समाधान किया, समिति के अध्यक्ष मुकेश इंदौरा ने बताया कि प्रातःकाल उपासना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ उसके बाद सभी भक्तों ने चरण पादुका पूजन करके दिन में कथा व कैवल धुनो आनंद लिया तथा शाम को आरती हुई, इस अवसर पर सैकड़ों की तादात में पधारे हुए सभी भक्तजनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण करके अपना व्रत खोला। समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## जीवन में ज्ञान की साधना से ही मिलते हैं सफलता व सम्मान : प्रो जैन

**गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया**

परिष्कार पत्रिका लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान के अंतर्गत शिक्षा विभाग में गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो बीएल जैन ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि ज्ञान का दान सर्वोच्च माना गया है, इसी कारण गुरु का पद सर्वोच्च व श्रेष्ठ कहा जाता है। संत कबीर ने गुरू को भगवान से भी बढ़ा पद बताया है। गुरु सत्य की राह से अवगत कराने वाला होता है और जीवन जीने की कला, व्यावसायिक दक्षता, कुशलता एवं संवर्धन, आचरण की पवित्रता, कमजोरियों का निवारण, ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित, प्रकृति प्रेम, मानवीय गुणों का विकास, जीवन में उत्साह, उमंग व उल्लास से परिपूर्ण, दुखों से छुटकारा, बुराइयों से दूर रहना, सकारात्मक सोचए रहन-सहन, खान-पान, उठना-बैठना, बोलना, चलना आदि के तौर तरीकों से अवगत कराता है। गुरु अपने ज्ञान और अनुभव से शिष्य को अनगढत पत्थर से मूर्ति बनाना सिखाता है। अच्छा गुरु शिष्यों के दोषों और कमजोरियों के निवारण के लिए निरंतर प्रयत्शील रहता है। उन्होंने जीवन में सम्मान एवं सफलता प्राप्त करने के लिए ज्ञान की साधना को आवश्यक बताया और कहा कि अपने व्यवहार में उस ज्ञान को अपनाना तथा निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ मनीष भटनागर, डॉ विष्णु कुमार डॉ अमिता जैन, डॉ सरोज रायए डॉ आभा सिंह, डॉ गिरिराज भोजक, डॉ गिरधारी लाल शर्मा, खुशाल जांगिड आदि एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान की 77 वीं जयंती मनाई



**विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवार उतारेगी मैदान में**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केन्द्रीय रेलमंत्री रहे रामविलास पासवान की 77वीं जयन्ती बुधवार को राजधानी जयपुर के आगरा रोड स्थित चंद्र महल में केक कटिंग कर हर्षोल्लास से मनाई गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रदेश प्रभारी पृथ्वीराज यादव मुख्य अतिथि रूप में शरीक हुए।

पृथ्वीराज यादव ने कहा कि राजस्थान के आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरे जोर शोर के साथ ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवारों को उतारते हुए चुनाव लड़ेगी। साथ ही इस बार राजस्थान विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल कर प्रदेश में अपना वर्चस्व कायम करेगी। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक रहे रामविलास पासवान का राजस्थान प्रदेश से विशेष लगाव रहा था। साथ ही लोजपा का राजस्थान प्रदेश से पुराना नाता रहा था। इसी बात को ध्यान में रखते हुए लोजपा के पदाधिकारियों की तरफ से राजस्थान की राजधानी एवं पिंकसिटी के नाम से प्रसिद्ध जयपुर में स्वण् रामविलास पासवान की जयंती हर्षोउल्लास से मनाई गई।

इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष विजय सिंह भारती, प्रदेश महासचिव कमलेश भार्गव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष सोहन सिंह आजाद व सुभाष भारतीय, प्रदेश सचिव प्रभु दयाल, रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नत्थी सिंह एवं रिटायर्ड संभागीय आयुक्त पीसी बैरवाल सहित लोक जनशक्ति पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


## परिष्कार मैरिज ब्यूरो

### वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किराड़, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय ग्रेजुएट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खर्रा, निर्वाण, सोलंकी। पो.बा.506, सम्पर्क करें 9314407796

------------

### वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीचल्चर साईटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, लुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, दैराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, डाबला, निवार्ण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796



## परिष्कार पत्रिका परिवार के पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं



गीता देवी-राजेश कुमार मोरवाल
प्लाट नं. 10 महेन्द्र नगर, कटेवा नगर के पास, न्यू सांगानेर रोड जयपुर 19



श्रीमती कुमकुम अपर जिला न्यायाधीश
उत्तम कुमार डायरेक्टर एनआरआरडीए
करधनी स्कीम, गोविन्दपुरा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं



संजय सैनी
निदेशक,
जय मां सरस्वती सी सै स्कूल
एनबीसी क्वाटर के पीछे, हसनपुरा खातीपुरा रोड जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं



पी. के. वर्मा
असिस्टेंट डायरेक्टर
कम्प्यूटर साफ्टवेयर
इन्द्रा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी, मानसरोवर जयपुर

एक भी परिवार महंगाई राहत योजनाओं के लाभ से न रहे वंचितः मुख्यमंत्री

# लांच किया जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट

## योजनाओं के वीडियो अपलोड कर आमजन प्रतिदिन जीत सकते हैं पुरस्कार

परिष्कार पत्रिका जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा महंगाई से राहत देने के लिए संचालित 10 जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे, इसके लिए जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट की शुरूआत की गई है। इस कॉन्टेस्ट के माध्यम से जहां महंगाई राहत अभियान में आमजन की सहभागिता निरन्तर बनाये रखने में सहायता मिलेगी वहीं लोगों को सरकार की अन्य जनहितकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी।

गहलोत ने वीडियो कॉन्टेस्ट का शुभारम्भ करते हुए अपने वीडियो संदेश में कहा कि महंगाई राहत कैम्पों में अब तक प्रदेश के लगभग 1 करोड़ 80 लाख परिवारों ने पंजीकरण करवाया है। इस वीडियो कॉन्टेस्ट के माध्यम से शेष रहे करीब 15 लाख परिवारों को जोड़ने का काम हो सकेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनसे सम्बन्धित 30 से 120 सैकण्ड का वीडियो बनाकर हैश टैग के साथ कम से कम दो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड करें एवं उन वीडियोज का लिंक वेबसाइट पर शेयर करें।

गहलोत ने कहा कि आमजन द्वारा महंगाई राहत कैम्प में शामिल 10 योजनाओं के साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से सम्बन्धित वीडियो बनाये जा सकते हैं। साथ ही, वीडियो बनाने के लिए एक से अधिक योजनाओं का चुनाव भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी भी इस मुहिम से जुड़े इसके लिए प्रतिदिन प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन 1000 रुपये के 100 प्रेरणा पुरस्कार भी दिये जाएंगे।

### कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिये पात्रता

- प्रतिभागी जनआधार में पंजीकृत हो।
- प्रतिभागी का स्वयं का बैंक खाता हो तथा वह जनआधार में पंजीकृत हो स्वयं का खाता नहीं होने पर जनआधार से लिंक अन्य बैंक खाते हेतु सहमति
- प्रतिभागी कॉन्टेस्ट के लिये अपलोड किये जाने वाले वीडियो अथवा उसके किसी भी भाग को राज्य सरकार द्वारा अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार व अन्य समुचित उपयोग किये जाने पर सहमत हो।
- यह प्रतियोगिता 6 अगस्त, 2023 तक चलेगी।

### कॉन्टेस्ट में ये वीडियोज हो सकेंगे शामिल

- महंगाई राहत कैम्पों से संबंधित कोई सफलता की कहानी।
- महंगाई राहत कैम्पों में शामिल 10 योजनाएं एवं राज्य सरकार की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित वीडियो।
- योजनाओं से प्राप्त लाभ एवं इनसे लाभार्थी के जीवन में आये सकारात्मक प्रभाव या परिवर्तन।
- वीडियो किसी व्यक्ति, जाति और समुदाय की भावना एवं राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को ठेस पहुंचाने वाला तथा अश्लील प्रकृति का नहीं होना चाहिए।
- वीडियो में राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी और तथ्य प्रामाणिक होने चाहिए।
- वीडियो ओरिजिनल होना चाहिएए कहीं से कॉपी किया हुआ नहीं होना चाहिए।

### यह होगी चयन की प्रक्रिया

- प्रतिदिन वीडियोज की स्क्रीनिंग के लिये एक 15 सदस्यीय स्क्रीनिंग पैनल तथा एक राज्य स्तरीय चयन समिति बनाई गई है।
- प्रत्येक दिन की प्रतियोगिता का परिणाम दो दिन बाद जारी किया जाएगा। यथा. 7 जुलाई का परिणाम 10 जुलाई एवं 8 जुलाई का परिणाम 11 जुलाई को जारी होगा।
- परिणाम प्रकाशित होने के दिन ही विजेताओं के बैंक खातों में ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार राशि हस्तांतरित की जायेगी।

राष्ट्रपति की यात्रा व जी20 समिट सम्मेलन के मध्येनजर सफाई व्यवस्था

# हैरिटेज निगम आयुक्त ने शहर की सूरत बदलने के लिए अधिकारियों दिए निर्देश

परिष्कार पत्रिका जयपुर। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की आगामी 14 जुलाई को जयपुर की यात्रा व 29 से 31 जुलाई तक जयपुर में होने वाले जी 20 सम्मेलन से पहले नगर निगम जयपुर हैरिटेज ने शहर की सूरत बदलने हेतु तैयारियां शुरू कर दी हैं ताकि इस दौरान जो भी प्रतिनिधि गुलाबी नगरी विशेष कर परकोटे में भ्रमण पर आये तो उसकी यादों में जयपुर यात्रा सदैव अविस्मरणीय रहे। हैरिटेज निगम आयुक्त राजेन्द्र सिहं शेखावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महामहिम राष्ट्रपति की जयपुर यात्रा व जी-20 सम्मेलन को लेकर विभिन्न विभागों व निगमों को प्रमुख सचिव गृह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये थे । इसी कड़ी में विश्व प्रसिद्ध गुलाबी नगरी की ख्याति ऐतिहासिक, साफसुथरे व सुन्दर शहर के रूप में और फैले इस मंशा से आयुक्त शेखावत ने सभी जोन उपायुक्तों, शाखा प्रभारियों व अधिशाषी अभियंताओं के साथ बैठक की।

शेखावत ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे आगामी 10 दिन के अन्दर फुटपाथों, बरामदों, नालियों, नालों, सड़कों में बने गढ्ढों, डिवाईडर्स व लोहे की रेलिगं की मरम्मत करवायें, फेरोकवर बदलें व नालों को फेरोकवर से ढकवायें, सीवरेज लाईन व नालियों की मरम्मत करवायें। उन्होंने उपायुक्त स्वास्थ्य आशीष कुमार को निर्देश दिये कि जी-20 सम्मेलन तक प्रत्येक कचरा डिपो पर एक कर्मचारी व एक हूपर तैनात रहे ताकि कचरा डिपो समय पर उठता रहे व कचरे से बदबू आदि न फैले। शेखावत नेउपायुक्त सतर्कता मनीषा यादव को निर्देश दिये कि अस्थायी अतिक्रमण हटाने हेतु अभियान छेड़ें व थड़ी ठेलों को जब्त करने के बाद न छोड़ें ताकि अतिक्रमण की समस्या से शहरवासियों को निजात मिल सके। उन्होंने उपायुक्त पशु प्रबन्धन को निर्देश दिये कि वे आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाये व इस बात का विशेष ख्याल रखें कि महामहिम राष्ट्रपति की यात्रा व जी-20 सम्मेलन के सम्पन्न होने तक एक भी पशू सड़क पर नजर आया तो उनकी जिम्मेदारी तय होगी। शेखावत ने उपायुक्त राजस्व व सभी जोन उपायुक्तों को निर्देश दिये कि वे शहर में से अवैध पोस्टर बैनर व होर्डिंग्स को हटवायें।

आयुक्त शेखावत ने जलमहल की पाल पर गंदगी न रहे इसका इंतजाम करने साथ ही बरामदों, सार्वजनिक दीवारों, पोल, उधानों आदि का सोंदर्यकरण कार्य शीध्र शुरू करवाने के निर्देश दिये। शेखावत ने अधिशाषी अभियन्ता मुख्यालय को निर्देश दिये कि वे प्रमुख सार्वजनिक इमारतों, मार्गो, चैराहों, ऐतिहासिक स्मारकों पर अंग्रेजी में साईनेज लगवायें। बैठक में उपायुक्त सिविल लाईन जोन नरेश तंवर, उपायुक्त हवामहल-आमेर, किशनपोल जोन सुरेन्द्र सिंह यादव, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एसके वर्मा सहित सभी अधिशाषी अभियन्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पोस्टर का किया विमोचन




परिष्कार पत्रिका जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर महात्मा गांधी द्वारा दिए गए विश्व शांति एवं अहिंसा के दर्शन की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में 8 अगस्त से आयोजित होने वाली तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के पोस्टर का विमोचन किया।

गहलोत ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में आमजन का गांधीवादी दर्शन से जुड़ाव अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलकर ही मानव मात्र का कल्याण संभव है। इस अवसर पर राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी, शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष शर्मा, गांधी पीस फाउण्डेशन, नई दिल्ली के अध्यक्ष कुमार प्रशांत, निदेशक गांधी अध्ययन केंद्र, जेएनवीयू डॉ हेमसिंह गहलोत सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# म्हारो वोट, म्हारी पहचान थीम पर मतदाताओं को जागरूक करेगी मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वेन

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने झंडी दिखाकर वैन को किया रवाना**

परिष्कार पत्रिका जयपुर। आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला कलक्ट्रेट से मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया। उन्होंने बताया कि हर मतदाता अपने मत की कीमत पहचाने एवं आगामी चुनाव में मतदान जरूर करे इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग माध्यमों से वोटर्स को जागरूक करने के प्रयास कर रहा है। मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन म्हारो वोट, म्हारी पहचान थीम पर शहर में अलग-अलग स्थानों पर जा कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेगी।

उन्होंने बताया कि वैन में एलईडी स्क्रीन द्वारा मतदाता जागरूकता संदेश प्रसारित किये जाएंगे साथ ही वैन में ईवीएम मशीनों की कार्यप्रणाली से आमजन को रूबरू करवाने के लिए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस दौरान कोई भी मतदाता मॉक पोलिंग कर ईवीएम द्वारा वोटिंग का अनुभव प्राप्त कर सकता है।






# भारतीय डाक कर्मचारी संघ का अखिल भारतीय अधिवेशन जूनागढ़ में आयोजित




भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी की ओर से जूनागढ़ में आयोजित 3 दिवसीय अखिल भारतीय अधिवेशन में राजस्थान से विकास तिवारी को अखिल भारतीय सहायक महासचिव सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। विकास तिवारी वर्तमान में राजस्थान के परिमंडल सचिव हैं और पिछले कई वर्षों से डाक कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु कार्य कर रहे हैं।

इस दौरान राजस्थान के 18 मंडलों का प्रतिनिधत्व रहा और राजस्थान से करीब 80 से ज्यादा डेलीगेट्स ने भाग लिया। अधिवेशन के दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। तिवारी ने हाउस बिल्डिंग एडवांस के नियमो में संशोधन, बचत खातों के पुराने नियमों में संशोधन, एमएसीपी की विसंगति, कैडर आईपीपीबी और आधार के कार्य को कमीशन से हटाकर कार्य व्यवहार में जोड़ने, कर्मचारियों का हैरेसमेंट तत्काल रोकने, नेट एवं 5 साल से पुराने हार्डवेयर को एक साथ मिशन मोड में बदलने सहित दर्जन भर मांगों को सदन के सामने रखकर तत्काल उनका निदान करने हेतु यूनियन से अनुरोध किया। साथ ही तिवारी को यूनियन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए लगातार दूसरा दत्तोपंत ठेंगड़ी सम्मान से नवाजा गया।


सेवा निवृत्ति समारोह के अवसर पर

हार्दिक शुभकामनाएं



श्री सोहन सिंह फरण्ड
(इनकम टेक्स विभाग जयपुर)
एनएसआईटी से अपनी 34 वर्षीय सम्मानजनक सेवा से सेवानिवृत्त होने पर
हार्दिक शुभकामनायें
:: शुभैच्छुक ::
श्रवण सिंह किरार, रवि सिंह किरार, विजय सिंह किरार एवं
परिष्कार पत्रिका परिवार

जन्म दिन के अवसर पर

हार्दिक शुभकामनाएं

श्री विकास घोसल्या
छात्र प्रतिनिधि एवं
अध्यक्ष पद उम्मीदवार
राजस्थान विश्वविद्यालय
को
जन्म दिन
के अवसर पर
हार्दिक
शुभकामनायें



विकास घोसल्या
छात्र प्रतिनिधि एवं
अध्यक्ष पद उम्मीदवार



:: शुभैच्छुक ::
अंशुल किरार, तुषार पांचोली, मोहित शर्मा, अंकित चौधरी, शुभम शर्मा, विवेक

# पांचवीं बोर्ड परीक्षा में ए प्लस ग्रेड लाने वाले बच्चों को किया सम्मानित

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय सराय विराटनगर के विद्यार्थियों का किया सम्मान



परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सराय विराटनगर कक्षा 5 मे बोर्ड परीक्षा में ए प्लस ग्रेड लाने पर बच्चों को जयसिंह धानका पूर्व सैनिक उनकी और उनकी पत्नी रूपा देवी धानका ने बच्चों का हौसला हमेशा बुलंद रहे इसलिए परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर कोमल सैनी, निकिता सेन, कुलदीप सैनी, काजल सैनी, अनुष्का सैनी और सोनालिका सैनी को पुष्पमाला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह तथा कॉपी पेन देकर बच्चों सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया।

बच्चों को इस मुकाम पर लाने में सर्वश्रेष्ठ भूमिका उनके गुरुजन की रही धानका ने गुरुजी का भी साफा व पुष्प माला पहनाकर गुरुजनों कोभी सम्मानित किया इस सम्मान समारोह में स्थानीय लोगों ने उत्साह से भाग लिया। समारोह को अति सुंदर रूप देने के लिए इनका विशेष योगदान रहा प्रधानाचार्य कैलाश चंद बलाई अर्चना खंडेलवाल निशा यादव छात्र अध्यापिका सुमन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा सहायिका हरिराम सेन एस एन एल सदस्य पी डी सेन तथा पवन कुमार सम्मान समारोह में मौजूद रहे।

# राजस्थान आवासन मंडल में 311 पदों पर होंगी भर्तियां

## भारत सरकार की सी डेक कराएगी भर्ती, परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शी तरीके से होगी

परिष्कार पत्रिका जयपुर। प्रदेश के युवाओं के लिए राजस्थान आवासन मंडल ने बड़ी खुशखबरी दी है। मंडल विभिन्न संवर्गों के 311 पदों के लिए जल्द ही भर्ती निकालेगा। यह परीक्षा भारत की अर्धसरकारी सॉफ्टवेयर कम्पनी सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग सी. डैक कराएगी। गौरतलब है कि सी. डैक इंडियन नेवी और एयरफोर्स की परीक्षाओं के संचालन के लिए जानी जाती है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि मंडल में कई दशकों के बाद इतनी बड़ी भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह मंडल ने भवन निर्माण सहित अन्य क्षेत्रों में कीर्तिमान कायम किए हैं उसी तरह पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ परीक्षा संचालित होंगी।

### 3 घंटे में करने होंगे 150 प्रश्न, नेगेटिव मार्किंग भी होगी

अरोड़ा ने बताया कि 3 घंटे में होने वाली ऑनलाइन परीक्षा में 150 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसमें से 60 सामान्य ज्ञान और 90 परीक्षा विशेष से जुड़ी तकनीकी जानकारी पर आधारित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का होगा। सभी प्रश्न मल्टीचॉइस होंगे और नेगेटिव मार्किंग भी होगी। पात्रता और सिलेबस कर्मचारी चयन बोर्ड के अनुसार ही निर्धारित किया गया है। राजस्थान के 11 शहरों में लगभग 100 सेन्टर्स पर ऑनलाइन माध्यम से भर्ती करवाये जाने की तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मंडल जल्द ही समाचार पत्रों में विस्तृत विज्ञप्ति जारी करेगा।

### 53 राजपत्रित और 258 अराजपत्रित पदों पर होगी भर्ती

आयुक्त ने बताया कि प्रोग्रामर पद के लिए 1 परियोजना अभियन्ता वरिष्ठ सिविल के 48 और नगर नियोजन सहायक या वास्तुविद् सहायक के 4 राजपत्रित पदों के लिए आरपीएससी भर्ती कराएगा। जबकि कम्प्यूटर ऑपरेटर सहायक प्रोग्रामर एल-10 के 6, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर सूचना सहायक के 18, परियोजना अभियन्ता कनिष्ठ सिविल के 100, परियोजना अभियन्ता कनिष्ठ विद्युत के 11, वरिष्ठ प्रारूपकार के 4, कनिष्ठ प्रारूपकार 10, विधि सहायक कनिष्ठ विधि अधिकारी 9, कनिष्ठ लेखाकार के 50 और कनिष्ठ सहायक के 50 अराजपत्रित पदों के लिए सी डैक भर्ती कराएगा।

### कर्मचारी चयन बोर्ड और एमएनआईटी की असमर्थता के बाद दिया सी.डैक को मौका

उल्लेखनीय है कि मंडल ने 258 अराजपत्रित पदों के लिए राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड और मालवीय राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान सहित अन्य संस्थाओं को भी भर्ती की कार्यवाही के लिए निवेदन किया था लेकिन सभी ने अत्यधिक व्यस्तता के चलते भर्ती करने असमर्थता जाहिर की थी।

उसके बाद राजकीय या केन्द्रीय सरकार की एजेन्सियों से सीधी भर्ती के 258 पदों पर भर्ती करवाये जाने बाबत ईओआई जारी की गयी। निर्धारित समयावधि तक विभिन्न एजेन्सियों से प्राप्त प्रस्तावों में से सी. डैक के प्रस्ताव मण्डल द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप रहे हैं।

### नेवी, एयरफोर्स, एयरपोर्ट से जुड़ी भर्ती करती है सी.डैक

गौरतलब है कि सी डैक भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक मात्र ऐसी स्वायत्तशासी संस्था हैंए जो स्वयं परीक्षा सॉफ्टवेयर तैयार एवं डवलप करती हैंए इनका परीक्षा सॉफ्टवेयर खासा विश्वसनीय माना जाता रहा है।

## पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल

# कम फीस में उच्च कोटी की शिक्षा का संकल्प



रामलाल पाराशर
आचार्य, पाराशर चिल्ड्रन पैराडाईस पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल

परिष्कार पत्रिका जयपुर। कम फीस में उच्च कोटी की शिक्षा देने का संकल्प लेकर चले पाराशर चिल्ड्रन पैराडईज पब्लिक सीरियर सैकंडरी विद्यालय के निदेशक रामलाल पाराशर ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों के अध्यापन्न के साथ साथ कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जाती है ताकि वे अपने रूझान के साथ अपने करियर का चयन कर सके।

उन्होंने परिष्कार पत्रिका को बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है इसके लिए विद्यालय में प्रत्येक शनिवार स्पोर्टस की गतिविधियां कराई जाती है ताकि बच्चें का अध्ययन में मन लगे। उन्होंने बताया कि हमारा कम फीस में उच्च शिक्षा प्रदान करना ही प्रमुख उद्देश्य है। तीन बच्चे होने पर एक बच्चे को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। प्राथमिक कक्षाओं से कम्प्यूटर शिक्षा और स्मार्ट कक्षाओं के साथ विद्यालय में वाद-विवाद, निबंध, चित्रकला, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसी रचनात्मक एक्टिविटी कराई जाती है।

उन्होंने बताया कि कमजोर बच्चें के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस लगाई जाती है। आरटीई के तहत 25 प्रतिशत प्रवेश निःशुल्क। इसके साथ ही संतोष जनक वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अभिभावक और शिक्षक दोनों मिलकर ही बच्चें का सर्वांगीण विकास कर उसका विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

रजि. न. 403 ।। जय श्री लक्ष्मीनारायण जी महाराज ।। स्थापित - 1996-1997
पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।

रामलाल पाराशर, निदेशक
17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान
Mob. No. 9351451481, 7726857268

**सुविचार**

आपके भीतर
जैसी सोच चलती है
आप जीवन में
वैसे ही बनते हैं
इसलिए
अच्छा सोचिए
और अच्छे बनिए

# परिष्कार पत्रिका परिवार के सभी पाठकों को सहयोग के लिए हार्दिक शुभकामनाएं

## आप सभी के परिवार में हर्षोल्लास और आनंद रहे ऐसी शुभ और मंगल कामनाओं के साथ।

सम्मानीय सदस्य माननीय कुमकुम वर्मा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश करधनी, राजेश कुमार मोरवाल-महेन्द्र नगर, खेमचंद खर्रा-जगतपुरा माडल टाउन, गोपाल लाल कायथ-पद्मावती कॉलोनी, सुशीला देवी फरण्ड- मनोहरपुरा कच्ची बस्ती, संजय कुमार सैनी-जय मां सरस्वती विद्यपीठ हसनपुरा, हीरालाल खर्रा-आजाद नगर कॉलोनी सांगानेर, गोविन्दनारायण लुगरिया-लक्ष्मीनगर हटवाड़ा, डॉ दौलत राम माल्या-एवन आर्किटैक्ट करतारपुरा, रामलाल पाराशर- पाराशर चिल्ड्रन पैराडाईज पब्लिक स्कूल, निलोय डिसल्वा -सेंट माईकल सी सै स्कूल सुभाष चौक आमेर रोड़, पीके वर्मा-मानसरोवर जयपुर
एवं

**परिष्कार पत्रिका परिवार**

PRIME TRACK
TRACKON EXPRESS PRODUCT
Trackon
Couriers Pvt. Limited

शायर सिंह किरार
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.
अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -
शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

# राजगढ़ धाम में सैंकड़ों महिला-पुरूष ने छोड़ा नशा : पूनम अंकुर छाबड़ा



परिष्कार पत्रिका जयपुर। राजगढ़ धाम में गुरुदेव चंपालाल महाराज के सानिध्य में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शराबबंदी आंदोलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा रहीं। कार्यक्रम में नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। गुरुदेव चंपालाल महाराज व पूनम अंकुर छाबड़ा ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में गुरुदेव ने पूनम अंकुर छाबड़ा के द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्ति आंदोलन की सराहना की। साथ ही गुरुशरण छाबड़ा के बलिदान को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पण किये।

गुरदेव व पूनम अंकुर छाबड़ा के आग्रह पर सैंकड़ों महिला-पुरुषों ने नशा छोड़ा। कार्यक्रम स्थल पर लोगों के पास तम्बाकू उत्पाद जैसे गुटखा, बीड़ी, सिगरेट आदि स्टेज के सामने रख कर जीवन भर नशा नही करने की शपथ दिलाई गयी।

पूनम अंकुर छाबड़ा ने कहा कि नशा नाश की जड़ है। इसने लाखों घर-परिवार उजाड़े हैं हम सबको इस बुराई से लड़ना है और नशे को हमारे प्यारे भारत देश से विदा करने का संकल्प दोहराया। पूनम अंकुर छाबड़ा ने गुरुदेव चंपालाल महाराज, राहुल, सतीश, गोपाल व संगत का धन्यवाद अर्पित किया। गौरतलब रहे पूनम अंकुर छाबड़ा अनेक वर्षों से अपने पिता शहीद गुरुशरण छाबड़ा पूर्व विधायक के सपने को पूरा करने के लिए पूरे विश्व में नशामुक्ति को फैलाकर लोगों को इस बुराई से दूर करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह का पदोन्नत होने पर सम्मान किया



परिष्कार पत्रिका जयपुर। सुंदर सिह कनेश अति पुलिस अधीक्षक का सम्मान किया गया। राष्ट्रपति एवार्ड से सम्मानित एवं इनके प्रशंसनीय कार्यों से राज्य सरकार ने अति पुलिस अधीक्षक से पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति देने पर डा अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष रतनलाल निर्वाण ने बाबा सहाब अम्बेडकर का चित्र सप्रेम भेट करके स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कनेश प्रत्येक प्राणी को न्याय दिलाने के लिऐ हर समय तैयार रहते थे। नीमच जिले की जनता इन्हें सदेव याद रखेगी।

# गुरूपूर्णिमा के अवसर पर गुरूपूजन



परिष्कार पत्रिका जयपुर। गुरु पुर्णिमा के पावन पर्व पर गलता गेट कनक बिहारी मन्दिर में गुरू पूजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर गुरूपूजन किया। इस अवसर पर युवा नेता राम सैन ने परम पूज्य श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर सियाराम दास महाराज का पूजन किया व आशिर्वाद लिया। गुरू ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं और मंगलकामनाओं के साथ आर्शीवाद दिया।

## भाषा और पुस्तकालय विभाग की अभिनव पहल

# आईएएस अधिकारियों ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बताये सफलता के गुर

परिष्कार पत्रिका जयपुर। भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की अभिनव पहल के तहत डॉ राधाकृष्णन राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, गांधी नगर में प्रदेश में सिविल सेवा परीक्षा-2024 की तैयारी कर रहे युवाओं को मार्गदर्शन के लिए मीट द टॉपर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में स्कूल शिक्षाए भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के शासन सचिव नवीन जैन प्रेरक वक्ता एवं कृषि विभाग के आयुक्त गौरव अग्रवाल 2014 बैच के टॉपर मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का प्रदेश के सभी राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालयों में विशेष प्रसारण किया गया। स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए टिप्स दिए तथा उन्हें मोटिवेशन प्रदान किया।

जैन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी होती है तथा सफलता प्राप्त करने के लिए लगातार मेहनत करना जरूरी है। कृषि विभाग के आयुक्त गौरव अग्रवाल ने कहा कि सिविल सेवा की तैयारी एक मैराथन दौड़ समान है, जिसमें प्रतिभागियों को लंबी तैयारी के लिए तैयार रहना चाहिए। साथ ही, उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है और पाने के लिए सारी दुनिया है। प्रतिभागियों को सिविल सेवा में चयन के लिए विस्तृत तैयारी करनी चाहिए तथा अपनी कमियों को पहचान कर उन्हें दूर करना चाहिए।

**हार्दिक शुभकामनाऐं**

जयपुर निवासी
रामचन्द्र सिंह
12 जुलाई को जन्म दिन की
हार्दिक शुभकामनाऐं



-: शुभेच्छुक :-
अंशुल किरार एवं मित्रगण

# DHANKA अनुसूचित जन जाति में हैं, विभाग इसमें उलझन पैदा कर रहा है : विजय सिंह किरार

## अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्रों के मामले में धानका जाति के लोगों को स्वयं ही जागरूक होना होगा

परिष्कार पत्रिका जयपुर। धानका जाति 1956 एवं 1976 की अनुसूचि में अनुसूचित जन जाति में हैं। धानका समाज में जिनकी भी उम्र 30 वर्ष से अधिक है उन सभी के समाज कल्याण विभाग ने धानका जाति के अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र जारी किए है। चाहे वह पुरूष हो या स्त्री। लोकिन पिछले कुछ समय से, यह ज्यादा नहीं 8-10 वर्षो का समय है जिसमें विभाग ने धानका के स्थान पर धाणका जाति में बदल कर अनुसूचित जन जाति के प्रमाण पत्र जारी करने शुरू कर दिए। यह सम्पूर्ण धानका जाति के लिए परेशानी खड़ी कर दी। यह कहना है धानका समाज के सामाजिक कार्यकर्ता और **अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिंह किरार** का।

उन्होंने परिष्कार पत्रिका के माध्यम से समाज कल्याण विभाग और समाज के जागरूक कार्यकर्ताओं को अवगत कराया कि हम वर्षों से धानका थे। विभाग हमें जबरन जाति परिवर्तन कर धाणका में परिवर्तित कर रहा है जो सरासर गलत है। हालांकी धानका और धाणका में कोई विभेद नहीं है केवल उच्चारण की दृष्टि से अलग-अलग है। दोनों अनुसूचित जन जाति के अर्न्तगत है, लेकिन फिर भी विभाग हमारी जाति को अलग-अलग क्यों कर रहा है? वह अपनी गलती धानका जाति पर क्यों थोप रहा है।

साथ ही विजय सिंह किरार ने बताया कि समाज के नेता धानका और धाणका के मुद्दे पर केवल अपनी नेतागिरी कर रहे हैं जो उन्हें बंद करनी चाहिए। वे समाज के भोले-भाले और उनके प्रति निष्ठा रखने वाले लोगों को बरगला रहे है और उन्हें धाणका लगाने के लिए प्रेरित कर रहे है जो सरासर गलत है। इसके लिए आम लोगों को आवाज उठानी चाहिए कि हम धानका थे और धानका ही है। हमें धाणका क्यों बनाया गया है। हमें और हमारे नेताओं को धानका की पैरवी करनी चाहिए क्योंकि उनके खुद के जाति प्रमाण पत्र धानका (अनुसूचित जन जाति) के बने हुए हैं। फिर वे धाणका की पैरवी क्यों कर रहे हैं। धानका और धाणका को अंग्रेजी समान है लेकिन अन्य जाति में न और ण में अंग्रेजी में भी भिन्नता हैं। ऐसे में हम न और ण को एक ही क्यों कहें। हम तो यही मानेंगे कि यह अलग-अलग है। ऐसे में हमारे नेताओं को चाहिए कि वे विभाग के पोर्टल में धानका/ **Dhanka** दोंनो लिखें और जिनके विभाग ने अपनी गलती की वजह से धाणका के प्रमाण पत्र बनाए उन्हें सही करें। क्योंकी धाणका का इतिहास ज्यादा नहीं कुछ वर्षों का है। जबकि धानका जाति आजादी से पूर्व से आज तक मौजूद है। जिसे विभाग लुप्त करने की कोशिश कर रहा है। इसके लिए समाज को लोगों को जागरूक होना चाहिए और विभाग की गलती को विभाग से ही सुधरवाने के लिए आंदोलन और ठोस पत्राचार करना चाहिए। अन्यथा कुछ वर्षों बाद हमारी एक ही जाति दो जातियों में विभक्त हो जाएगी। जिसका खामियाजा आने वाली पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा, इन नेताओं का कुछ नहीं बिगड़ेगा। इसलिए आमजन को जागरूक होकर समझना होगा कि हम आजादी से पहले से धानका है और धाणका को पैदा हुए तो अभी कुछ वर्षों हुए हैं जो भी विभाग की वजह से। इसलिए हमें जल्द से जल्द विभाग से यह सुधरवाना चाहिए न कि यह कहना यह एक ही या दोनों समान है। किरार ने बताया कि यह जानकारी मैं अपने भोले-भाले समाजवासियों को अवगत कराने के उद्देश्य से दी है कि अगर अभी नहीं सुधारी तो भविष्य में विकराल रूप ले लेगी और एक ही घर में एक ही जाति के होते हुए भी पिता पुत्र की जातियां अलग-अलग देखी जाएगी। सभी समाजवासियों के पास धानका जाति के दस्तावेज है, वे धाणका जाति के दस्तावेज कहां से और कैसे बनवाएंगे। इस पर मंथन किया जाना चाहिए और समाज के नेताओं को भी इस बात को समझना चहिए कि न और ण को एक करने की बजाए हम न की पैरवी करें। यह बताएं की अनुसूची में धानका जाति अनुसूचित जन जाति में हैं।

# श्रावन मास के प्रत्येक सोमवार को देवस्थान विभाग द्वारा रूद्राभिषेक की तैयारियां पूर्ण



परिष्कार पत्रिका जयपुर। राज्य में सुखए समृद्धिए शांतिए अच्छी वर्षा व खुशहाली के लिए श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक कराने की पूर्ण तैयारियां कर ली गई है। देवस्थान विभाग के अधीन आने वाले सभी शिवालयों एवं प्रदेश के अन्य सभी प्रमुख शिव मंदिरों में भी विभाग की ओर से रुद्राभिषेक करवाया जाएगा। देवस्थान विभाग मंत्री शकुन्तला रावत ने श्रावण मास व अधिक मास की बधाई देते हुए यह जानकारी मंदिर रामचंद्र में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुरूप प्रदेश में विभाग के अधीन शिव मंदिरों में श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई।

# राष्ट्रीय ग्रीन महागठबंधन की घोषणा



परिष्कार पत्रिका जयपुर। पीपल्स ग्रीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधांशु की अध्यक्षता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय ग्रीन महागठबंधन की घोषणा करते हुए कहा की यह महागठबंधन देश में हो रही लोकतंत्र की अवहेलना, देश की जनता के द्वारा झेली जा रही राजनैतिक अव्यवस्था को दूर करने के लिए और आम नागरिक की व्यक्तिगत आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए गठित किया गया है। राष्ट्रीय ग्रीन महागठबंधन सुखद बदलाव लाने की मुहिम राजस्थान से आरंभ करने जा रहा है। महागठबंधन एपीपल्स ग्रीन पार्टी के एक ही चुनाव चिन्ह पर अपने 200 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेंगे। राष्ट्रीय ग्रीन महागठबंधन के अध्यक्ष पीपल्स ग्रीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधांशु होंगे। जबकि महागठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक जनता कल्याण मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी जसमेर जी महाराज होंगे। महागठबंधन के राष्ट्रीय समन्वयक रामजस धोलीपाल रहेंगे।

अपनी खबरों या विज्ञापन के लिए
परिष्कार पत्रिका
पाठकों के लिए अब परिष्कार न्यूज यू-ट्यूब और फेसबुक पर भी उपलब्ध
परिष्कार पत्रिका की बढ़ती लोकप्रियता के चलते और समाज में परस्पर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से अब हमारे पाठक अपनी खबर यू-ट्यूब और फेसबुक के जरिए अपने मोबाइल पर भी पढ़ और देख सकेंगे। इसके लिए आपको यू-ट्यूब और फेसबुक पर
parishkar patrika टाईप करना होगा।
परिष्कार पत्रिका अब यू-ट्यूब और फेसबुक पर भी सभी खबरों को प्रकाशित कर रहा है। इसके लिए आप अपने कार्यक्रम का 30 सेकंड का विडियो बनाकर परिष्कार पत्रिका के मेल अकाउंट पर मेल करें। तो आपकी खबर आपके यू-ट्यूब के माध्यम से आप तक तुरंत पहुंच सकेगी।
अपनी खबर को न्यूज में प्रकाशित करवाने के लिए
आपकी अपनी खबर का 30 सैकंड का विडियो बनाकर परिष्कार पत्रिका के मेल अकांउट पर भेजें या सम्पर्क करें :-
parishkarpatrika@gmail.com
पंजिकृत कार्यालय : सम्पादक, परिष्कार पत्रिका, प्लाट नं. 89 संतोष नगर, अजमेर रोड़ जयपुर-6
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2 , भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, ईएसआई अस्पताल के पास, अजमेर रोड़, जयपुर [राजस्थान]
फोन नं. 0141- 2450128, मो. 9314407796, 9351311820
YouTube
facebook

E-mail Address :
parishkarpatrika@gmail.com
Parishkar News YouTube Channel :
Parishkar Patrika
शुभैच्छु :- शायरसिंह किरार Trackon Couriers Pvt. Ltd.
शॉप नं. 2, प्लाट नं 36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, अजमेर रोड़ जयपुर [राजस्थान]
जयपुर [राजस्थान] मो. नं. 9314407796, 9351311820, 8561888504

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार